Series : WXY4Z

**SET-4**

प्रश्न-पत्र कोड
Q.P. Code **71**

रोल नं.
Roll No. | | | | | | | | |

परीक्षार्थी प्रश्न-पत्र कोड को उत्तर-पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर अवश्य लिखें ।
Candidates must write the Q.P. Code on the title page of the answer-book.

- कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में मुद्रित पृष्ठ **11** हैं ।
- कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में **9** प्रश्न हैं ।
- प्रश्न-पत्र में दाहिने हाथ की ओर दिए गए प्रश्न-पत्र कोड को परीक्षार्थी उत्तर-पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर लिखें ।
- **कृपया प्रश्न का उत्तर लिखना शुरू करने से पहले, उत्तर-पुस्तिका में यथा स्थान पर प्रश्न का क्रमांक अवश्य लिखें ।**
- इस प्रश्न-पत्र को पढ़ने के लिए 15 मिनट का समय दिया गया है । प्रश्न-पत्र का वितरण पूर्वाह्न में 10.15 बजे किया जाएगा । 10.15 बजे से 10.30 बजे तक परीक्षार्थी केवल प्रश्न-पत्र को पढ़ेंगे और इस अवधि के दौरान वे उत्तर-पुस्तिका पर कोई उत्तर नहीं लिखेंगे ।

- Please check that this question paper contains **11** printed pages.
- Please check that this question paper contains **9** questions.
- Q.P. Code given on the right hand side of the question paper should be written on the title page of the answer-book by the candidate.
- **Please write down the serial number of the question in the answer-book at the given place before attempting it.**
- 15 minute time has been allotted to read this question paper. The question paper will be distributed at 10.15 a.m. From 10.15 a.m. to 10.30 a.m., the candidates will read the question paper only and will not write any answer on the answer-book during this period.

# चित्रकला (सैद्धान्तिक) (भारतीय कला का इतिहास)

# PAINTING (Theory) (History of Indian Art)

*निर्धारित समय : 2 घण्टे* | *अधिकतम अंक : 30*

*Time allowed : 2 hours* | *Maximum Marks : 30*

**सामान्य निर्देश :**

**खण्ड – क : सभी** प्रश्नों के उत्तर दीजिए । (प्रत्येक प्रश्न **1** अंक का है)

**खण्ड – ख** : **सभी** प्रश्नों के उत्तर दीजिए । (प्रत्येक प्रश्न **2** अंकों का है)

**खण्ड – ग** : किन्हीं **दो** प्रश्नों के उत्तर दीजिए । (प्रत्येक प्रश्न **6** अंकों का है)

## खण्ड – क

### (बहुविकल्पीय प्रश्न)

1. दिए गए विकल्पों में से सही उत्तर चुनिए : **8 × 1 = 8**

(i) आपके पाठ्यक्रम में सम्मिलित 'राधा (बनी–ठनी)' के संदर्भ में कौन सा कथन सत्य नहीं है ? **1**

(A) यह राजस्थान की किशनगढ़ शैली से सम्बन्धित है ।

(B) पृष्ठभूमि पर नीले रंग का प्रयोग है ।

(C) राधा (बनी–ठनी) को सादे सफेद वस्त्रों में दिखाया है ।

(D) यह चित्र निहालचन्द द्वारा बनाया गया है ।

(ii) **अभिकथन (A) :** बसोहली और काँगड़ा पहाड़ी शैली के प्रमुख केन्द्र थे ।

**कारण (R) :** पहाड़ी शैली को बसोहली और काँगड़ा में भरपूर संरक्षण और उचित कलात्मक वातावरण प्राप्त हुआ । **1**

(A) (A) और (R) दोनों सही हैं और (R), (A) की सही व्याख्या है ।

(B) (A) और (R) दोनों सही हैं किन्तु (R), (A) की सही व्याख्या नहीं है ।

(C) (A) सही है, किन्तु (R) गलत है ।

(D) (A) गलत है, परन्तु (R) सही है ।

(iii) मेवाड़ लघुचित्र शैली से सम्बन्धित चित्रकार का चयन आपके पाठ्यक्रम के अनुसार कीजिए । **1**

(A) दाना (B) मन्कू

(C) साहिबदीन (D) निहालचन्द

**General Instructions :**

**SECTION – A :** Attempt **all** questions. (Each Question carries **1** mark)

**SECTION – B :** Attempt **all** questions. (Each Question carries **2** marks)

**SECTION – C :** Attempt any **two** questions. (Each Question carries **6** marks)

## SECTION – A

### (Multiple Choice Questions)

1. Select the right answer from the given options : **8 × 1 = 8**

(i) Which of these statements is not correct about the painting 'Radha (Bani - thani)' from your syllabus ? **1**

(A) It belongs to Kishangarh school of Rajasthan.

(B) Blue colour is used in the background.

(C) Radha (Bani-thani) is shown in a plain white costume.

(D) The painting was made by Nihal Chand.

(ii) **Assertion (A) :** Basohli and Kangra were the main centers of Pahari School.

**Reason (R) :** Pahari school received abundant patronage and suitable artistic environment in Basohli and Kangra. **1**

(A) Both (A) and (R) are true and (R) is the correct explanation of (A).

(B) Both (A) and (R) are true, but (R) is not the correct explanation of (A).

(C) (A) is true, but (R) is false.

(D) (A) is false, but (R) is true.

(iii) Select the painter associated with Mewar school of miniature painting according to your course of study. **1**

(A) Dana (B) Manaku

(C) Sahibdin (D) Nihal chand

(iv) उस्ताद मंसूर मुख्यत: किस लघुचित्र शैली से सम्बन्धित हैं ? **1**

(A) राजस्थानी शैली (B) मुग़ल शैली

(C) पहाड़ी शैली (D) बंगाल शैली

(v) आपके पाठ्यक्रम के अनुसार मुग़ल लघुचित्र शैली से कौन सा कलाकार सम्बन्धित है ? **1**

(A) मिस्कीन (B) नैनसुख

(C) निहालचन्द (D) साहिबदीन

(vi) भारत के राष्ट्रीय ध्वज में शौर्य और बलिदान के प्रतीक के रूप में किस रंग का प्रयोग किया गया है ? **1**

(A) धानी (भारतीय हरा) (B) सफेद

(C) गहरा नीला (D) केसरिया

(vii) हैदराबाद, बीजापुर और गोलकोण्डा किस लघुचित्र शैली के प्रमुख केन्द्र थे ? **1**

(A) राजस्थानी शैली (B) दक्खिनी शैली

(C) पहाड़ी शैली (D) बंगाल शैली

(viii) बंगाल शैली के पुनरुत्थान का कार्य किस कलाकार ने किया ? **1**

(A) अबनीन्द्रनाथ टैगोर (B) अमृता शेरगिल

(C) अमरनाथ सहगल (D) राजा रवि वर्मा

**खण्ड – ख**

**(लघु उत्तरीय प्रश्न)** **5 × 2 = 10**

**(इन प्रश्नों का उत्तर लगभग 100 शब्दों में अपेक्षित है ।)**

2. (a) चौगान (पोलो) शाही परिवारों का एक प्रमुख मनोरंजक खेल था जिसमें महिलाएँ भी बढ़-चढ़कर भाग लिया करती थीं । भारत के अलग-अलग प्रान्तों में तत्कालीन शासकों द्वारा ऐसे अनेक चित्र बनवाये गए जो उपरोक्त तथ्य की पुष्टि करते हैं । राजस्थानी कला भी इससे अछूती नहीं रही ।

(i) राजस्थानी लघुचित्र शैली में निर्मित ऐसे किसी एक चित्र को पहचानकर इसका शीर्षक व चित्रकार का नाम लिखिए ।

(ii) चित्र की उपशैली का नाम बताएँ एवं इसकी संयोजन व्यवस्था का वर्णन कीजिए । **2**

**अथवा**

(iv) Ustad Mansoor is mainly related to which school of miniature painting ? **1**

- (A) Rajasthani school
- (B) Mughal school
- (C) Pahari school
- (D) Bengal school

(v) Which painter belongs to the Mughal miniature school of painting, from your syllabus ? **1**

- (A) Miskin
- (B) Nain Sukh
- (C) Nihal Chand
- (D) Sahibdin

(vi) Which colour is used in the National Flag of India as a symbol of valour and sacrifice ? **1**

- (A) Indian Green
- (B) White
- (C) Dark Blue
- (D) Saffron

(vii) Hyderabad, Bijapur and Golconda were the main centers of which school of miniature painting ? **1**

- (A) Rajasthani School
- (B) Deccan School
- (C) Pahari School
- (D) Bengal School

(viii) Which artist did the work of Renaissance of Bengal School ? **1**

- (A) Abanindranath Tagore
- (B) Amrita Sher Gill
- (C) Amar Nath Sehgal
- (D) Raja Ravi Varma

## SECTION – B $5 \times 2 = 10$

**(Short Answer Type Questions)**

**(Answer for these questions is expected in around 100 words.)**

2. (a) Chaugan (Polo) was a major recreational game of the royal families in which women also used to participate enthusiastically. In different provinces of India, many such paintings by the rulers of that time are found which confirm the above fact. Rajasthani art is also not untouched by this.

   (i) Identify any such painting made in Rajasthani School of Miniature and write the name of its title and painter.

   (ii) Name the sub-school and describe the compositional arrangement of the painting. **2**

**OR**

(b) 'भगवान कृष्ण' भारतीय चित्रकला का मुख्य विषय रहे हैं । मुगल लघुचित्र शैली में निर्मित ऐसे किसी एक चित्र की पहचान कीजिए जो इस विषय से आपके पाठ्यक्रम में निहित हो, तदुपरान्त अग्रलिखित बिन्दुओं पर प्रकाश डालिए :

(i) चित्र का शीर्षक एवं चित्रकार का नाम

(ii) चित्र की संयोजन व्यवस्था एवं कलात्मक पक्ष संक्षेप में बताएँ । **2**

3. (a) भारतीय संस्कृति में गुरुओं को ईश्वर से भी ऊँचा स्थान दिया गया है । शिष्य गुरु के सानिध्य में रहकर ही शिक्षा ग्रहण किया करते थे । ऐसा ही एक लघुचित्र आपके पाठ्यक्रम की दक्खिनी लघुचित्र शैली में शामिल किया गया है ।

(i) इस लघुचित्र को पहचानकर इसका शीर्षक एवं माध्यम बताइए ।

(ii) चित्र की उपशैली बताइए व चित्र का वर्णन कीजिए । **2**

**अथवा**

(b) दारा शिकोह सूफ़ी–सन्तों का बड़ा प्रशंसक था । सूफ़ी–सन्तों को भरपूर आदर और सम्मान देने के लिए दारा शिकोह के निवेदन पर शाहजहाँ काल में दरबारी चित्रकारों ने तत्कालीन सूफ़ी–सन्तों के कई चित्र बनाए । ऐसा ही एक लघुचित्र महान सन्त कबीरदास और रैदास से सम्बन्धित है ।

(i) अपने पाठ्यक्रम में निहित इस लघुचित्र को पहचानकर इसके चित्रकार एवं माध्यम के विषय में लिखिए ।

(ii) चित्र की शैली (स्कूल) स्पष्ट करते हुए चित्र की संक्षेप में व्याख्या प्रस्तुत कीजिए । **2**

4. माध्यम और तकनीक के प्रयोग के विशेष सन्दर्भ में अग्रलिखित कलाकृतियों पर सराहनात्मक टिप्पणी लिखिए ।

(a) गणेश (मूर्ति शिल्प) **2**

**अथवा**

(b) देवी (छापा–चित्र) **2**

(b) 'Lord Krishna' has been the main subject of Indian Painting. Identify any one such painting made on this subject in Mughal School of Miniature which is included in your syllabus, and then throw light on the following points :

(i) Title of the painting and name of the painter.

(ii) Explain compositional arrangement and artistic aspect of the painting in short. **2**

3. (a) In Indian culture, Gurus have been given a higher status than God. Disciples used to receive education by staying in the proximity of the Guru. One such Deccan School miniature painting has been included in your syllabus :

(i) Identify this miniature and write about its title and medium.

(ii) Name the sub-school of the painting and describe the painting. **2**

**OR**

(b) Dara Shikoh was a great admirer of Sufi Saints. To give full respect and honour to sufi-saints, on the request of Dara Shikoh, the court painters made many portraits of sufi-sants of that time during Shahjahan's reign. One such miniature is related to the great saints Kabirdas and Raidas.

(i) Identify this miniature included in your syllabus and write about its painter and medium.

(ii) Explain in short about the painting and name the school. **2**

4. Appreciate the following art works with special reference to the use of medium and technique :

(a) Ganesha (Sculpture) **2**

**OR**

(b) Devi (Graphic - print) **2**

5. "मृत्यु एक शाश्वत सत्य है ।" नीचे दी गयी कलाकृतियों में से किसी एक की यथोचित सराहना कीजिए जिसमें उपरोक्त भाव उत्पन्न हुए हों ।

(a) यात्रा का अन्त (अबनीन्द्रनाथ टैगोर) **2**

**अथवा**

(b) शिव और सती (नंदलाल बोस) **2**

6. (a) बसोहली लघुचित्र शैली के चित्रकारों ने कृष्ण-लीला को अपने चित्रण का मुख्य आधार बनाया । इन चित्रों में बहुत से चित्र भगवान श्री कृष्ण और गोपियों के साथ उनके दिव्य और अटूट प्रेम को प्रकट करते हैं ।

(i) अपने पाठ्यक्रम में सम्मिलित इस चित्र को पहचानकर इसके शीर्षक एवं चित्रकार का नाम लिखिए ।

(ii) चित्र की संयोजन व्यवस्था का सौन्दर्यात्मक वर्णन कीजिए । **2**

**अथवा**

(b) पहाड़ी लघुचित्र शैली भारतीय चित्रकला में अपना एक विशेष स्थान रखती है । बसोहली और काँगड़ा इसकी महत्त्वपूर्ण उप-शैलियाँ मानी जाती हैं ।

(i) अपने पाठ्यक्रम में सम्मिलित काँगड़ा लघुचित्र शैली के चित्र का शीर्षक एवं चित्रकार का नाम लिखिए ।

(ii) चित्र की कलात्मक विशेषताओं का वर्णन अपने शब्दों में कीजिए । **2**

## खण्ड – ग

**(दीर्घ उत्तरीय प्रश्न)** **2 × 6 = 12**

**(इन प्रश्नों का उत्तर लगभग 200 शब्दों में अपेक्षित है ।)**

दिए गए विकल्पों में से किन्हीं **दो** प्रश्नों के उत्तर दीजिए :

7. राजस्थानी शैली के इस चित्र में रामायण की एक महत्त्वपूर्ण घटना का चित्रांकन किया गया है जो आदर्श मानव मूल्यों, कर्त्तव्यनिष्ठा एवं पारिवारिक सम्बन्धों की प्रगाढ़ता को प्रदर्शित करता है । अपने पाठ्यक्रम में निहित ऐसे किसी चित्र की पहचान कीजिए जिसमें उपरोक्त विशेषताएँ शामिल हों । तदुपरान्त इस चित्र की व्याख्या निम्नलिखित बिन्दुओं के आधार पर कीजिए :

(a) चित्र का शीर्षक व इसके चित्रकार का नाम

(b) चित्र का माध्यम एवं उपशैली

(c) चित्र की विषयवस्तु एवं संयोजन व्यवस्था **2 + 2 + 2 = 6**

8. बंगाल शैली पर एक आलोचनात्मक लेख के माध्यम से निम्नलिखित बिन्दुओं पर विस्तृत चर्चा कीजिए :

(a) बंगाल शैली का उदय एवं विकास

(b) बंगाल शैली के चार चित्रकार (पाठ्यक्रम में सम्मिलित)

(c) पाठ्यक्रम में शामिल 'राधिका' नामक चित्र का सौन्दर्यात्मक वर्णन **2 + 2 + 2 = 6**

5. "Death is an eternal Truth". Appreciate any one of the following artworks in which the above feelings have been created.

(a) Journey's End (Abanindranath Tagore) **2**

**OR**

(b) Shiv and Sati (Nandalal Bose) **2**

6. (a) The painters of Basohli school of miniature made Krishna-Leela the main basis (subject) of their paintings. Many of these paintings reveal Lord Shri Krishna and his divine and unbreakable love with the Gopis.

(i) Identify the painting included in your syllabus and write its title and the name of the painter.

(ii) Give an aesthetic description of the compositional arrangement of the painting. **2**

**OR**

(b) Pahari School of Miniature has a special place in Indian painting. Basohli and Kangra are considered its sub-schools.

(i) Write the title and the name of the painter of the Kangra School of Miniature painting included in your syllabus.

(ii) Describe the artistic features of the painting in your own words. **2**

## SECTION – C $2 \times 6 = 12$

**(Long Answer Type Questions)**

**(Answer for these questions is expected in around 200 words.)**

Attempt any **two** questions from the given options :

7. This painting of Rajasthani school depicts an important event from 'Ramayana' which shows ideal human values, devotion to duty and depth of family relationships. Identify any such painting included in your syllabus which has the above mentioned characteristics. Thereafter explain this painting on the basis of the following points :

(a) Title of the painting and name of its painter.

(b) Medium and sub-school of the painting.

(c) Subject matter and compositional arrangement of the painting.

**2 + 2 + 2 = 6**

8. Discuss the following points in detail through a critical essay on Bengal school :

(a) Origin and Development of Bengal School.

(b) Four major painters of Bengal School (From your syllabus).

(c) Aesthetic description of the painting named 'Radhika' included in the syllabus. **2 + 2 + 2 = 6**

9. दिए गए चित्र का विश्लेषण करें जिसमें मुगलकालीन विवाह का बारीक चित्रण है । आपके अध्ययन के आधार पर निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दो :

(a) चित्र व चित्रकार का नाम बताओ ।

(b) आकृति व रंगों के विशेष संदर्भ में संयोजन व्यवस्था का वर्णन करें ।

(c) मुगल लघुचित्र शैली की कोई शैलीगत दो मुख्य विशेषताएँ बताओ । **2 + 2 + 2 = 6**

[redacted]

9. Analyze the given artwork, showcasing a detailed depiction of a Mughal period wedding. Based on your study, answer the following :

   (a) Name the painting and its artist.

   (b) Describe the overall composition focusing on the use of colours and detail of figures.

   (c) Write about any 2 stylistic features of Mughal School of Miniature painting. **2 + 2 + 2 = 6**

[redacted]